**NOTICE** is hereby given that 35th Annual General Meeting ('AGM') of the Members of the Company is scheduled to be held on Wednesday, September 13, 2023 at 11.00 a.m. (IST) through Video Conference ('VC')/Other Audio Visual Means ('OAVM') without physical presence of the Members at a common venue, in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the Rules made thereunder ("the Act") and the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with all the applicable circulars on the subject matter issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA") and the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), to transact the business as set out in the Notice convening the AGM. The Members will be able to attend and participate in the AGM by VC/OAVM only. The Members attending the AGM through VC/ OAVM will be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of the Act.

In compliance with the aforesaid circulars issued by the MCA and SEBI, AGM Notice and Annual Report for FY 2022-23 will be sent only by electronic mode to all the Members whose email addresses are registered with the Depository Participants or the Company. The Members holding shares in dematerialised mode are requested to register / update their email addresses with their Depository Participants ("DP") by following procedure prescribed by DP or alternatively, temporarily register/update their email addresses with the Company by writing to the Company's Registrar and Share Transfer Agent, Link Intime India Pvt Ltd at https://web.linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html or rnt.helpdesk@linkintime.co.in. Help line No 1800 1020 878.

The Company has engaged services of NSDL for providing remote e-voting facility ('Remote e-voting') to all its members to cast their vote on all resolutions set out in the AGM Notice. Additionally, the Company, through NSDL, is providing the facility of voting through e-voting system during the AGM ('e-voting'). **The details such as manner of (i) registering / updating email addresses, (ii) casting vote through Remote e-voting/e-voting and (iii) attending the AGM through VC / OAVM has been set out in AGM Notice which will be dispatched in due course**.

The Members are requested to carefully read all the Notes set out in the AGM Notice (being sent electronically) and in particular, instructions for joining the AGM, manner of casting vote through remote e-voting / e-voting facility at the AGM.

The AGM Notice and Annual Report for FY 2022-23 will also be made available on the Company's website at www.varroc.com, website of the Stock Exchanges, i.e., BSE Limited at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com and also on the website of NSDL at www.evoting.nsdl.com.

For **Varroc Engineering Limited**
By Order of the Board of Directors
Sd/-
**Ajay Sharma**
Group General Counsel and
Company Secretary
Membership No. - ACS 9127

**Date:** August 13, 2023
**Place:** Aurangabad

विदेशी भूमि पर सर्वप्रथम भारतीय ध्वज लहराने वाली भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारिका एवं महान क्रांतिकारी भीकाजी कामा (मैडम कामा) जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

——— ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम, उप्र

## संक्षिप्त खबरें

### विप सदस्यों को स्वायत्ता देने पर ऐतराज जताया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की बैठक में श्रेणीबद्ध स्वायत्तता के लिए श्रेणी-विश्वविद्यालय के रूप में डीयू को दी गई मंजूरी पर कड़ी आपत्ति जताई। डीयू की विद्वत परिषद की सदस्य डॉ. माया जॉन ने रविवार को कहा कि डीयू में जिस श्रेणीबद्ध स्वायत्तता को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बड़े पैमाने पर व्यावसायीकरण को बढ़ावा मिलेगा और यह दिखाने के लिए यूजीसी विनियम, 2018 के प्रमुख खंडों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि स्व-वित्तपोषित पाठ्यक्रमों के प्रसार का मतलब छात्रों से उच्च शुल्क वसूलना है। इसके अलावा यह कदम वंचित छात्रों के लिए उच्च शिक्षा में प्रवेश के अवसरों को भी काफी कम करने का काम करेगा।

### दुपाहिया वाहन चोरी करने वाला बदमाश धरा गया

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की बिंदापुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक बदमाश गिरफ्तार कर उससे चोरी के चार दुपाहिया वाहन बरामद किए हैं। बरामद वाहनों में बाइक व स्कूटी शामिल है। पकड़े गए बदमाशों की शिनाख्त सोनू उर्फ दांतला के रूप में हुई है। उस पर पहले से छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने वाहन चोरी के चार मामले सुलझा लिए हैं।

### कार में शराब की तस्करी करने वाला बंदी

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले की एएटीएस टीम ने कार में शराब की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उससे तस्करी में प्रयुक्त एक कार व उसमे रखी 1200 पव्वे शराब बरामद की है। आरोपी हरियाणा से अवैध शराब की खेंप लाकर दिल्ली में सप्लाई करता था। आरोपी की शिनाख्त कृष्णा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य आरोपियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### भारती कालेज प्रांगण में पौधा वितरण कार्यक्रम


**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध भारती कालेज की उद्यान समिति द्वारा कालेज प्रांगण में पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. सलोनी गुप्ता एवं समिति संयोजक डॉ. संगीता के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अभियान वितरित किए गए पौधों में सजावटी एवं फलदार पौधों के साथ आंवला, करी पत्ता, एलोवेरा, गिलोय, नीम, अजवाइन, तुलसी और बेल पत्र जैसे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले औषधीय पौधे भी शामिल थे।



रविवार को अलीपुर इलाके के एक गोदाम में लगी आग बाद उठता धुंआ। फोटो : प्रेट्र

# कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, बेटे की मौत

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** खजूरी खास इलाके में शनिवार देर रात एक बेकाबू कार ने स्कूटी सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी। बताया जाता है कि टक्कर लगते ही मां-बेटे उछल कर दूर जा गिरे। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। बाद में घायल मां-बेटे को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां बेटे को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की शिनाख्त मोहम्मद उमर (24) के रूप में हुई है। अपने इकलौते बेटे की मौत से अनजान उमर की मां शहनाज अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही है। अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद उमर का शव परिजनों के हवाले कर दिया है।



पुलिस का कहना है कि उमर अपने परिवार के साथ पूजा कॉलोनी, लोनी, गाजियाबाद में किराए के मकान में रहता था। उसके परिवार में पिता आरिफ परवेज व मां शहनाज के अलावा चार बहनें हैं। उमर चार बहनों का इकलौता भाई था। गाजियाबाद के एक कॉलेज से एमए करने के अलावा वह प्राइवेट नौकरी कर रहा था। बताया जाता है कि गाजियाबाद में बिजली की परेशानी को देखते हुए परिवार ने पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके में किराए का दूसरा मकान लिया था। शनिवार को मकान में शिफ्ट होने की प्रकिया चल रही थी। नो-एंट्री होने की वजह से देर रात परिवार ने टेम्पो में सामान भरवा दिया। उमर के पिता टेम्पो में सवार हो गए, जबकि उमर अपनी मां को स्कूटी पर लेकर जामा मस्जिद की ओर चल दिया। देर रात 1.30 बजे

**घायल मां का अस्पताल में उपचार जारी, हालत गंभीर**

पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, खजूरी खास के गेट नंबर-2 के पास सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उमर की स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उमर और उसकी मां शहनाज उछलकर दूर जा गिरे। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। आरोपी चालक को मौके पर ही दबोच लिया गया। उसकी पहचान चमन विहार, लोनी, गाजियाबाद निवासी राहुल के रूप हुई। घायलों को अस्पताल भिजवाने के बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। परिजनों ने बताया कि बुरी तरह घायल होने के बाद भी उमर की मां अपने बेटे के बारे में ही पूछ रही है। परिजनों ने उनको उमर की मौत की खबर नहीं दी है।

# केमिकल के गोदाम में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** बाहरी उत्तरी दिल्ली जिले के अलीपुर थाना क्षेत्र के बूढ़पुर इलाके में अचानक एक केमिकल के गोदाम में भीषण आग लग गई। गोदाम में बड़ी संख्या में केमिकल के ड्रम पड़े होने के कारण कुछ ही मिनट में आग ने पूरा गोदाम अपनी चपेट में ले लिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर एक के बाद एक दमकल की 30 गाड़ियां रवाना की गईं। इस दौरान ड्रमों में भारी मात्रा में पड़े केमिकल के चलते ब्लास्ट हुआ और गोदाम की छत का एक हिस्सा व दीवार ढह गई। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहता होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

**केमिकल से भरे ड्रमों के कारण गोदाम में विस्फोट**

**गोदाम की छत का एक हिस्सा व दीवार ढही**

**हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं**

दमकल विभाग के अनुसार अलीपुर स्थित बूढ़पुर इलाके में स्थित एक केमिकल के गोदाम में रविवार दोपहर सवा तीन बजे आग लगने की सूचना मिली थी। आनन-फानन में मौके पर एक के बाद एक पहुंची 30 दमकल गाड़ियों ने आग बुझाने की कवायद शुरू की, लेकिन गोदाम में केमिकल से भरे ड्रमों की वजह से आग तेजी से फैली और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। ड्रमों में केमिकल होने के कारण गोदाम में ब्लास्ट हुआ और गोदाम की छत का एक हिस्सा व एक दीवार ढह गई। वही इस बीच दमकलकर्मियों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद रविवार शाम 6:15 बजे आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## डिग्री दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी में चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** डिग्री दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले चार जालसाज गिरफ्तार कर दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस ने उनसे चार की-पैड वाले मोबाइल फोन, टेली-कॉलिंग में इस्तेमाल एक लैपटॉप, पांच स्मार्ट मोबाइल फोन, ग्राहकों का डेटा, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग की मोहर, खाली प्रवेश फॉर्म के आई.एम.ई, रजिस्टर और डायरियां बरामद की। पकड़े गए जालसाजों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। अन्य आरोपियों की पहचान आशीष व अशफा अहमद के तौर पर की गई।

पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी के मुताबिक सूचना मिली थी कि बापू पार्क, कोटला मुबारक पुर में एक अवैध कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। मौके पर छापेमारी कर पुलिस ने चार लोगों को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वह एक साल से इस कॉल सेंटर के साथ काम कर रहे थे और उच्च शिक्षा की डिग्री दिलाने के नाम पर भोले-भाले लोगों को ठगते थे। उन्होंने खुलासा किया कि दानिश और नदीम इस रैकेट के मास्टरमाइंड हैं और पुलिस को उनकी तलाश है।

# फावड़े से हमला कर वकील को किया घायल

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मजनूं का टीला इलाके में रविवार दोपहर फावड़े से हमला कर वकील को घायल करने का मामला सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घायल वकील ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और नजदीकी मजनूं का टीला चौकी पहुंचकर पुलिस को आपबीती बताई। स्थानीय अस्पताल में वकील का उपचार और मेडिकल कराकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में कराया मेडिकल व उपचार**

**मामले की छानबीन जारी**

जानकारी के अनुसार पेशे से अथिवक्ता प्रवीण कुमार मिश्रा सपरिवार मजनूं का टीला इलाके में रहते हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में काफी दिन से पानी की किल्लत चल रही थी। रविवार को उनके पड़ोस में कुछ लोग नया पानी का कनेक्शन ले रहे थे। प्रवीण ने बताया कि वह पानी के नए कनेक्शन के लिए अपने घर से निकलकर रिंग रोड पर बात करने गए। उसी समय प्लम्बर ने कहां भाईयां मैं तुम्हरा कनेक्शन नहीं कर पाऊंगा, क्योकि तुम्हरा कनेक्शन करने के लिए कुछ लोग मुझे मना कर रहे हैं। प्रवीण ने प्लम्बर से कहा कोई बात नहीं भाई तुम मेरा कनेक्शन करो, मुझे भी पानी की जरूरत है। उसी समय उनके पड़ोस में रहने वाले सरदार साहिब सिंह ने प्रवीण को कहा कि तुम्हे यहां पर कन्केशन नही मिलेगा। प्रवीण ने उनसे कहा कि कोई बात नही अंकल मैं प्लम्बर से बात कर रहा हूं। तभी साहिब सिंह के बेटे निशान सिंह ने वहां पड़ा फावड़ा उठाकर प्रवीण पर हमला कर दिया। प्रवीण मिश्रा वहां से अपनी जान बचाकर भागे और नजदीकी मजनूं का टीला चौकी पहुंचकर पुलिस कर्मियो को आपबीती सुनाई। प्रवीण मिश्रा का उपचार और मेडिकल अस्पताल से कराकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## लाखों की लूट में लिप्त पांच आरोपी पकड़े

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** थाना सीलमपुर इलाके में 10.80 लाख रुपए की लूट में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे कुल 9 लाख रुपए, एक देशी पिस्तौल व जिंदा कारतूस बरामद किया। पकड़े गए बदमाशों में दो लुटेरे, दो साजिशकर्ता तथा एक रिसीवर शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त जॉय एन टिर्की ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए शिकायतकर्ता ने खुद ही अपने दोस्त के साथ मिलकर साजिश रची और खुद को पीड़ित के तौर पर पेश किया, लेकिन पुलिस जांच में उसकी कलई खुल गई। इसके बाद लूटकांड का पर्दाफाश हुआ। पकड़े गए आरोपियों के नाम अकबर, जुबेर, उरूज, जैद व अंसब हैं। आरोप है कि 9 व 10 अगस्त की मध्य रात्रि 10.80 लाख की लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। फोन पर शिकायतकर्ता उरूज ने कहा कि पीएस सीलमपुर में 66 फुटा रोड पर बंदूक बल पर उससे 10.80 लाख रुपए की लूट हो गई है, लेकिन छानबीन के दौरान सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि शिकायतकर्ता ने ही अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ मिलकर इस फर्जी लूट की साजिश रची थी, जिसके बाद बाकी अन्य आरोपी पकड़े गए।

# दोहरे हत्याकांड का वांछित पकड़ा

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने वेलकम इलाके में हुए दोहरे हत्याकांड में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की शिनाख्त सलमान उर्फ तोहिद निवासी सीमापुरी के रूप में हुई है। स्पेशल सीपी रविंद्र सिंह यादव के मुताबिक 11 जुलाई को एक व्यक्ति वेलकम इलाके में मृत पड़ा मिला था। उसके शरीर पर गोलियों के दो जख्म थे। मृतक की पहचान प्रदीप निवासी सुभाष पार्क, वेलकम के रूप में हुई है। इसके तुरंत बाद, एक अन्य व्यक्ति सुभाष पार्क इलाके में मृत पाया गया था। उसके शरीर पर भी गोलियों के दो जख्म थे। मृतक की पहचान बबलू उर्फ पतला निवासी जनता मजदूर कॉलोनी के रूप में हुई थी। जिन स्थानों पर दोनों शव मिले थे उन स्थानों के बीच की दूरी 300 मीटर थी।

**इलाके में गैंगस्टर की छवि बरकरार रखने के लिए दिया था हत्याकांड को अंजाम**

जांच-पड़ताल में पता चला कि प्रदीप व बबलू दोनों एक-दूसरे को जानते हैं। घटना के समय दोनों एक साथ थे। केस दर्ज कर छानबीन के दौरान पुलिस ने दो आरोपीयों शाहबाज उर्फ शिब्बू व मस्बाह को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन सह-आरोपी सलमान उर्फ तोहिद फरार चल रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी छेनू गैंग के सक्रिय सदस्य हैं और उन्होंने अपने अन्य सहयोगियों सलमान उर्फ तोहिद के साथ मिलकर दोनों पर गोली चलाई थी। क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि वेलकेम इलाके में हुए हत्याकांड में वांछित आरोपी दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर आएगा। सूचना पर जाल बिछाकर पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपी सलमान उर्फ तोहिद ने खुलासा किया की उसने अपने सहयोगियों शाहबाज और मिस्बाह के साथ मिलकर शराब के नशे में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। उसने बतलाया की मृतको से उनकी कोई पुरानी दुश्मनी नहीं थी। इलाके में अपनी गैंगस्टर छवि बरकारा रखने के लिए उन्होंने इस हत्याकांड को अंजाम दिया था।

# विदेशों में स्थापित आयुष सेंटर कर रहे बेहतर कार्य

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. मुस्ताक अहमद ने लंदन से वापसी के बाद कहा है कि केन्द्र सरकार के जरिए विदेशों में जो आयुष सेंटर स्थापित किए गए हैं, वह बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम काफी सराहनीय है। इससे विदेशों में भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के लिए सकारात्मक सोच बन रही है।

**सरकार का यह कदम सराहनीय है : प्रो. मुश्ताक अहमद**

**इन सेंटरों में योगा और आयुर्वेद के साथ-साथ यूनानी को भी जगह दिए जाने की जरूरत**

उन्होंने कहा कि इन सेंटरों में योगा और आयुर्वेद के साथ-साथ यूनानी को भी जगह दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और यूनानी दोनों हमेशा साथ-साथ चलती आ रही है। भारत को जी 20 की मेजबानी मिलने पर खुशी का इजहार करते हुए प्रोफेसर मुस्ताक अहमद ने कहा कि इस अवसर का फायदा उठाने की जरूरत है। देश की छवि को बेहतर बनाने का हमें सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।

प्रो. मुस्ताक अहमद ने कहा कि आज से 100 साल पहले हकीम अजमल खान ने करोलबाग में आयुर्वेद एंड यूनानी तिब्बिया कॉलेज की स्थापना की थी। यहां पर उन्होंने आयुर्वेद और यूनानी दोनों को साथ-साथ फलने-फूलने का मौका दिया था। आज भी यहां पर दोनों पद्धतियां एक साथ फल-फूल रही हैं। प्रो. मुस्ताक अहमद ने कहा है कि खाड़ी के देशों में यूनानी चिकित्सा पद्धति पहले से ही काफी प्रचलित है। वहां के लोग पहले से ही इस भारतीय चिकित्सा पद्धति से पूरी तरह वाकिफ हैं।

अगर भारत सरकार वहां पर स्थापित सेंटर्स में योगा, आयुर्वेद के साथ-साथ यूनानी पद्धति को भी उपलब्ध कराती है तो इसका काफी फायदा सामने नजर आएगा। उन्होंने भारत सरकार से इस बारे में विचार करने और इस पर अमल करने की मांग की है।

## डीयू एसओएल ने पेपरों में त्रुटियों को लेकर गठित की कमेटी

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) ने राजनीति विज्ञान के दो पेपरों के सेल्फ लर्निंग मेटीरियल (एसएलएम) में मामूली त्रुटियों को लेकर एक समीक्षा कमेटी गठित की है। एसओएल के प्रिंसिपल प्रो. अजय जयसवाल ने बताया कि 11 अगस्त को डीयू की अकादमिक परिषद (एसी) की बैठक के दौरान कुछ निर्वाचित एसी सदस्यों द्वारा राजनीति विज्ञान के दो पेपरों के एसएलएम में कुछ त्रुटियों को इंगित किया गया था।

**एसी सदस्यों द्वारा राजनीति विज्ञान के दो पेपरों के एसएलएम में त्रुटियों को किया इंगित**

प्रो. जयसवाल ने बताया कि स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग ने अनुवाद, मुद्रण, व्याकरण संबंधी, फैकल्टी त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में तुरंत प्रभाव से 12 अगस्त को प्रख्यात शिक्षाविदों की एक समीक्षा कमेटी गठित कर दी है। उन्होंने कहा कि सख्त समीक्षा तंत्र संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसएलएम के लिए कंटेंट लेखकों ने संपादकीय बोर्ड के साथ मिलकर अध्ययन सामग्री तैयार की है। प्रो. जैसवाल ने बताया कि एनईपी-2022 को डीयू में नियमित मोड के साथ-साथ दूरस्थ मोड में भी लागू किया गया है। एनईपी-2020 और यूजीसीएफ- 2022 के कार्यांवयन के बाद, एसओएल ने जुलाई 2022 के डीईबी के नवीनतम दिशानिर्देशों में उल्लिखित सेल्फ लर्निंग मेटीरियल (एसएलएम) के निर्माण की वैज्ञानिक पद्धति का पालन किया है। एसओएल ने अखबारों में खुले विज्ञापन के माध्यम से प्रतिष्ठित भारतीय विश्वविद्यालयों से कंटेंट लेखकों को सूचीबद्ध किया है। प्रत्येक विषय के कंटेंट लेखकों को संबंधित विषय के वरिष्ठ प्रोफेसर के साथ बातचीत के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया है।

फॉर्म-जी

**वीवी मल्टीप्लेक्स प्रा. लि. (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्रा. लि.)**

रियल एस्टेट के निर्माण और ट्रेडिंग में संचालन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण

(इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 36A(1) के तहत)

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | वीवी मल्टीप्लेक्स प्रा. लि. (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्रा. लि.) पैन: सीआईएन: U45201UP2006PTC032578 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | एफ.एफ. 53, प्रथम तल, अंसल फॉर्च्यून आर्केड (एएफए), सेक्टर-18, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | लागू नहीं |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | विकास मॉल, प्लॉट नं. एमपी-1, इंदिरा नगर कॉलोनी, देहरादून, उत्तराखंड- 248006 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | सीडी विकास मॉल, प्लॉट नं. एमपी-1, इंदिरा नगर कॉलोनी, देहरादून, उत्तराखंड- 248006 में रियल एस्टेट के निर्माण एवं ट्रेडिंग और प्रमुख निवेश में लगी हुई है। |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | उपलब्ध नहीं |
| 7. | कर्मचारियों / कामगारों की संख्या | उपलब्ध नहीं |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं के लिए प्रासंगिक तिथियों सहित अन्य विवरण यहां उपलब्ध हैं: | http://arck.in, केस लिस्ट वीवी मल्टीप्लेक्स प्रा. लि. के तहत |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां उपलब्ध है: | संकल्प आवेदकों के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड (एकल, संयुक्त रूप से या संघ में) रिज़ॉल्यूशन प्लान के साथ संकल्प पेशेवर ("आरपी") तक पहुंचने हेतु: 1. न्यूनतम नेट वर्थ 5 करोड़ रुपये दस्तावेजी साक्ष्य द्वारा समर्थित 2. वित्तीय संस्थाओं हेतु एआरसी/एनबीएफसी/एआईएफ सहित - एयूएम/तैनात फंड/प्रतिबद्ध फंड 100 करोड़ रुपये के निवेश हेतु उपलब्ध नवीनतम बैलेंस शीट के अनुसार 31-03-2022 से पूर्व नहीं।* *एआरसी की भागीदारी भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों और विनियमों के अधीन है # अलग-अलग पात्रता मानदंड वाले उपरोक्त दो वर्गों के आवेदकों के बीच एक संघ की स्थिति में, पात्रता की गणना संघ में उनके हिस्से के अनुपात में की जाएगी। पूर्ण विवरण/विस्तृत ईओआई वेबसाइट www.arck.in पर उपलब्ध या ई-मेल vvmultiplex.ibc@gmail.com द्वारा मांगा जा सकता है। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 29.08.2023 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 08.09.2023 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 13.09.2023 को या उससे पहले |
| 13. | ईओआई जमा करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | vvmultiplex.ibc@gmail.com |

कृते वीवी मल्टीप्लेक्स प्रा. लि. (पूर्व में विकास मल्टीप्लेक्स डेवलपर्स प्रा. लि.)
संदीप महाजन- रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल
आईबीबीआई पंजीकरण सं: : IBBI/IPA-001/IP-P00991/2017-2018/11631
एएफए 19.12.2023 तक वैधता
पता: सी2/288, जनक पुरी, नई दिल्ली -110058
ईमेल: vvmultiplex.ibc@gmail.com
मोबाइल: 9810020531

दिनांक 14.08.2023
स्थान: नई दिल्ली

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या -01, सेक्टर नॉलेज पार्क-04, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1004, 10th Floor Tower-T4, Exotica Dreamville, Sector-16C, Area-158.40 Sqm., Greater Noida जो कि Mr. Snehasish Chakrabarty & Mrs. Shilpa Chakravarty निवासी Flat No. 1004, Tower-4, Exotica Dreamville, Plot No. GH-01, Sector-16C, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-01.03.2017 को पंजीकृत है। Mrs. Shilpa Chakravarty की मृत्यु के उपरान्त उनके पति Mr. Snehasish Chakrabarty ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपनी पत्नी के भाग का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। अतः इस म्यूटेशन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Snehasish Chakrabarty S/o Sh. Sushil Kumar Chakrabarty का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबंधक (बिल्डर्स)**
**ग्रेटर नोएडा औ. वि. प्राधिकरण**

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) (आईआईएफएल- एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप मे, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना मे वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने मे असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा प्राप्त कर लिया है।** विशेष रूप से कर्जदार को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नही करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार **आईआईएफएल एचएफएल** की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार **"आईआईएफएल एचएफएल"** की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो **"आईआईएफएल एचएफएल"** द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा **"आईआईएफएल एचएफएल"** द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नही उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों) का नाम | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री विजय किशन निगम, श्री अजय निगम, निगम फाइन आर्ट कम्पनी, श्री ऋषभ निगम, श्रीमती शकुंतला निगम (प्रॉस्पेक्ट नंबर 966912) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 132, भूमि क्षेत्रफल परिमाप 4844 वर्ग फीट, कार्पेट एरिया परिमाप 5814 वर्ग फीट, बिल्ट अप एरिया परिमाप 6840 वर्ग फीट, कुल आर.सी.सी. कवर्ड एरिया परिमाप 7515.5 वर्ग फीट, उद्योग विहार एक्सटेंशन, ईकोटेक-2, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर-201301, उत्तर प्रदेश, भारत, **चौहद्दी : उत्तर** : अन्य की सम्पत्ति, **दक्षिण** : 18 मीटर चौडी रोड, **पूरब** : सम्पत्ति सं. 131, **पश्चिम** : सम्पत्ति सं. 133 एवं 134 | रू. 1,04,20,050/- (रुपए एक करोड चार लाख बीस हजार पचास मात्र) | 23.05.2023 | 09.08.2023 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें **शाखा कार्यालय : ए-1सी एवं ए-1डी, द्वितीय तल, नोएडा, सेक्टर-16, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर-201301 अथवा कार्पोरेट कार्यालय** : प्लॉट नंबर 98, फेज-4, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा।

स्थान : दिल्ली तिथि : 14-08-2023 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# अंगदान के लिए स्वैच्छिक पंजीकरण पर जोर

■ ज्ञानप्रकाश

**नई दिल्ली। एसएनबी**

विश्व अंगदान दिवस पर रविवार को आयोजित कार्यक्रम में अंग प्रत्यारोपित करने वाले शल्य चिकित्सकों ने एक सुर में इस बात कर जोर दिया कि सभी को स्वैच्छिक रूप से खुद और अपनों को अंगदान करने के लिए नॉटो संस्था में पंजीकृत कराना चाहिए। ऐसा संकल्प लेने के लिए एम्स, सफदरजंग, आरएमएल, लोकनायक, जीटीबी समेत अन्य अस्पतालों के शल्य चिकित्सकों ने ब्रेन डेड व्यक्तियों के परिजनों को भी अंगदान के प्रति जागरूक किया।

**विश्व अंगदान दिवस**

**एम्स, एलएचएमसी, लोकनायक, आरएमएल अस्पतालों ब्रेनडेड रोगियों के परिजनों को किया अंगदान के लिए किया जागरूक**

**भारत में कम अंगदान का बड़ा कारण जागरूकता और जानकारी का आभाव**

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा निदेशक डा. सुभाष गिरी ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य अंगदान की आवश्यकता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। दरअसल, अंगदान ऐसे व्यक्ति को अंग के रूप में दिया जाने वाला उपहार है, जिसके अंग की बीमारी अंतिम अवस्था में हो और उसे अंग प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) की जरूरत हो। ऐसे में जो व्यक्ति अपना अंगदान करता है, उसे ऑर्गन डोनर कहा जाता है, जबकि अंग पाने वाले व्यक्ति को रेसिपिएंट कहा जाता है। अंगदान अधिकांश मामलों में रेसिपिएंट की जान बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में डिपार्टमेंट आर्गन ट्रांसप्लांट आर्गनाइजेशन की चीफ डा. आरती विज के अनुसार स्वैच्छिक अंगदान महादान है। ब्रेनडेड व्यक्ति के जिंदा अंगों को दान कर आप अपने खोने वाले व्यक्ति को किसी मरीज को जीवनदान देकर देख सकते हैं।

सफदरजंग अस्पताल में डिपार्टमेंट आफ नेफ्रो एंड रेनॉल ट्रांसप्लांट यूनिट के चीफ डा. हेमंत वर्मा के अनुसार भारत के मुकाबले विदेशों में अंगदान दर अधिक है। भारत में कम अंगदान का एक बड़ा कारण है जागरूकता और जानकारी का आभाव। जब आप अपने शरीर का कोई अंग दान करते हैं तो पाने वालों को लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है। दान किए गए अंग किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। हालांकि ट्रांसप्लांटेशन तब ही मुमकिन है जब कोई व्यक्ति अपना ऑर्गन किसी को डोनेट करेगा। आंख और टिशू की मदद से एक अंगदाता करीब सात लोगों की जान बचा सकता है। इस प्रक्रिया के लिए डोनर को जीते जी अंगदान की साइट पर रजिस्टर करना होता है, ताकि उसकी मृत्यु के बाद परिवारजन अंगों और ऊतकों को दान करने की सहमति दे सकें।

**किन अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण संभव :** डा. वर्मा के अनुसार डोनर से रेसिपिएंट में मानव के कई अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण किया जा सकता है। इनमें लिवर, किडनी, अग्नाशय (पेनक्रियाज), दिल, फेफड़ा, आंत, कॉर्निया, बोन मैरो और वैस्कुलराइज्ड कम्पोजिट एलोग्राफ्ट्स, जैसे स्किन, यूटरस, बोन, मसल्स, नर्वस और कनेक्टिव टिशूज आदि शामिल हैं। दान किए अंगों से रेसिपिएंट की जान बचाने में मदद मिलती है।